नरेंद्रनगर में खुलेगा यूटीयू का नया कैंपस

देहरादून। नरेंद्रनगर पॉलीटेक्निक परिसर में राज्य सरकार की ओर से गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का नया कैंपस कॉलेज संचालित किया जाएगा। गवर्नमेंट इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना के साथ यह विवि का सातवां कैंपस होगा और यूटीयू प्रदेश में सबसे अधिक कैंपस संस्थानों वाला विवि बनेगा। विवि के इस कैंपस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से बीटेक पाठ्यक्रम की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग ब्रांच में 60 सीटें, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व फूड टेक्नोलॉजी में 30-30 सीटों की क्षमता के साथ शुरू किया जाएगा। इसके लिए विवि कार्यपरिषद से अनुमोदन प्राप्त किया जा चुका है। अब राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद संचालन की प्रक्रिया शुरू होगी। संवाद